षोडश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक- 24 फरवरी, 2020 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अप० तक ।

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **महामहिम राज्यपाल का संदेश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 24 फरवरी, 2020 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना — ह०/- फागू चौहान

दिनांक-24 जनवरी, 2020 — राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत कर सेन्ट्रल हॉल में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सभापति के साथ माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी महामहिम राज्यपाल की शोभायात्रा में शामिल होकर सेन्ट्रल हॉल में आये तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, महामहिम राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए । महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया ।

[3] अनुमत विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्नलिखित विधेयकों की एक विवरणी सभा मेज पर रखा गया जिसमें महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गई और इसकी सूचना षोडश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है ।

महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	औद्योगिक विवाद (बिहार संशोधन) विधेयक, 2018	28.10.2019

महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2019	07.12.2019
(ii)	बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1982-83 एवं 2004-05) (संख्या-2) विधेयक, 2019	10.12.2019
(iii)	बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2019	10.12.2019
(iv)	बिहार कराधान विवाद समाधान विधेयक, 2019	10.12.2019
(v)	बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् विधेयक, 2018	13.01.2020

[4] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(ii) श्री मो० नेमतुल्लाह

(iii) श्री रामचन्द्र सहनी

(iv) श्री रामदेव राय

(v) श्रीमती प्रेमा चौधरी

[5] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(iv)	श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(v)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा	सदस्य
(vi)	श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि	सदस्य
(vii)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[6] आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन :-

माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वर्ष 2019-20 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[7] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० प्रो० (डा०) अब्दुल गफूर, वर्तमान माननीय सदस्य

(ii) स्व० नंद लाल चौधरी, पूर्व स०वि०स०

(iii) स्व० रामलखन महतो, पूर्व स०वि०प०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-25 फरवरी, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-24.02.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।